दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### पिता के साथ दिवाली की खरीदारी करने आया बालक पिता से बिछड़ा, दुकानदार की सूचना पर राइनो ने पहुंचाया घर



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कोतरारोड राइनो को गुम बालक का इवेंट मिला। इवेंट पर डायल 112 कि कोतरा रोड राइनो वाहन में आरक्षक लालजीत सिंह राठिया, चालक के साथ नटवर स्कूल मैदान पहुंचा। जहां एक दुकानदार द्वारा एक 4 साल के बालक को उसको पिता से बिछड़ जाने पर रुदान अवस्था में देखकर , डायल 112 को इवेंट दिया था। बालक से राइनो के आरक्षक द्वारा नाम पता पूछा गया बालक ने जगतपुर संत माइकल स्कूल के पास रहने वाले राजाराम सोनी का पुत्र होना बताया तथा अपना नाम ब संतोष सोनी बताया। राइनो स्टाफ द्वारा ईआरबी वाहन से उसके घर ले जाकर उसके माता-पिता के सुपुर्द किया गया है। बालक के पिता ने बताया कि आज सुबह नटवर स्कूल मैदान दीपावली की खरीदारी के लिए बेटे के साथ गया था , जहां से बेटा कहीं चला गया तो घर चला गया होगा सोचकर घर आ गये थे।

### माजदा वाहन का चालक रूपये की चोरी कर भागा

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** फुड प्रोडक्स फायम्स नमकीन का व्यापार करने वाले राकेश रोहरा उम्र 41 साल निवासी मेन रोड कोरबा द्वारा दिनांक 25.10.19 को थाना छाल में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि दिनांक 22.10.19 रात 12 बजे भुपेद्र कौशिक की माजदा गाडी क्रमांक सीजी 12 एएक्स 7510 में नमकीन फायम्स को अपने कर्मचारी राजकुमार कुसाहा एवं गाडी के ड्राईवर किशन कुमार राठौर को माल लेकर गुमला डिलीवरी करने भेजा था, दोपहर 2 बजे के लगभग राजेश स्टोर गुमला में ड्रायवर और राजकुमार कुसाहा माल अनलोड किये। व्यापारी राजेश स्टोर ने सामान का 200000/- (दो लाख रूपये ) राजकुमार कुसाहा को दिया। गाडी वहां से शाम 4 बजे निकली वापसी आते दि. 24.10.19 को रात्रि करीब 01.00 बजे हाटी के पास ड्राईवर किशन कुमार राठौर गाडी से 2 लाख रूपये चोरी कर गाडी को खड़ी कर भाग गया। सुबह राजकुमार कुसाहा को रूपये चोरी होने की जानकारी होने पर अपने मालिक को बताया जो हाटी के पास आकर देखे ड्राईवर किशन कुमार राठौर माल का पेमेंट 2 लाख रूपये चोरी कर भाग गया था, थाना छाल में चोरी की रिपोर्ट पर आरोपी ड्राईवर किशन कुमार राठौर के विरूद्ध अप.क्र. 177/19 धारा 379 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है, आरोपी फरार है जिसकी पतासाजी की जा रही है।

### एक्सप्रेस वे के नीचे मिला अज्ञात युवक का शव

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर के गंज थाना क्षेत्र में एक्सप्रेस वे के नीचे एक अज्ञात युवक की लाश मिली। उसके सिर पत्थर से कुचला हुआ था। पुलिस इसे हत्या मानकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एक्सप्रेस वे के नीचे एक अज्ञात युवक का शव मिला। मृतक का चेहरा बुरी तरह क्षतिग्रस्त है जिससे उसकी पहचान नहीं हो पायी है। पुलिस आशंका जता रही है कि अज्ञात आरोपियों ने पहले मृतक के साथ मारपीट की फिर उसकी हत्या कर दी। हालांकि पुलिस ने अभी फिलहाल मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

### गेवरा खदान में बेकाबू क्रेन पलटी, ईपी आपरेटर घायल

**कोरबा (आरएनएस)।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्डस लिमिटेड गेवरा क्षेत्र की गेवरा खदान में शनिवार को सुबह एक क्रेन अनियंत्रित होकर पलट गई। इसका आपरेटर बाल-बाल बच गया, जबकि ईपी आपरेटर घायल हो गया। गेवरा के विभागीय अस्पताल में प्राथमिक चिकित्सा के बाद उसे अपोलो बिलासपुर रेफर किया गया। 26 अक्टूबर को सुबह 6.45 बजे यह हादसा हुआ। एशिया की बड़ी और एसईसीएल के लिए सबसे ज्यादा कोयला उत्पादन करने वाली गेवरा खदान में हुए हादसे में बी.5 क्रेन पलट गई। खनन क्षेत्र में काम के दौरान एकाएक यह क्रेन अनियंत्रित हो गई। इस बारे में प्राप्त सूचनाओं में बताया गया कि 11 टन क्षमता वाली क्रेन को लेकर आपरेटर शिव कुमार मिश्रा सुबह निकला था। उसे ईरम शावेल पर काम उठाना था। जॉब उठाने के दौरान ही एकाएक यह घटना हुई। यह सब इतनी जल्द हुआ कि आपरेटर समझ ही नहीं पाया। क्रेन के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसके मुख्य हिस्से को काफी नुकसान पहुंचा। क्रेन ऑपरेटर मिश्रा इस घटना में सुरक्षित बच गया, लेकिन घटना स्थल के पास मौजूद ईपी ऑपरेटर अमरजीत सिंह क्रेन की चपेट में आने से घायल हो गया। उसके एक जांघ की हड्डी फ्रेक्चर हुई है। सहकर्मियों ने उसे एनसीएच भिजवाया। बाद में उसे अपोलो भेज दिया गया। गेवरा के अधिकारी ने बताया कि मामले की रिपोर्टिंग डीजीएमएस को कर दी गई है हालांकि यह सामान्य घटना है।

### रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक ही पटाखें फोड़े-सुप्रीम कोर्ट

**कोरबा (आरएनएस)।** दीवाली में पटाखा फेड़ते समय सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्णय एवं निर्देशों का पालन करें, जिसमें दीपावली के दिन समय रात्रि 8 बजे से रात्रि 10 बजे के मध्य निम्न ध्वनि एवं कम धुआ फैलाने वाले ग्रीन पटाखें जलाने के निर्देश दिये गये हैं। सीरीज पटाखें एवं लड़ी वाले पटाखों को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। पटाखों की आनलाईन बिक्री/खरीददारी को भी प्रतिबंधित किया गया है, इसलिय लाईसेंसधारी विकेताओं से ही पटाखें खरीदें। पटाखें जलाते समय बच्चों एवं ष्वास रोग से पीड़ित व्यक्तियों का ध्यान रखें।

# कुपाकानी में हुये बुर्जुग दम्पत्ति की हत्या का खुलासा, 3 आरोपी गिरफ्तार

**» पुरानी रंजिश पर 06 लोगों ने मिलकर सुनियोजित तरीके से घटना को दिया था अंजाम**

**» एसडीओपी धरमजयगढ़ के नेतृत्व में 04 अन्य थानों की टीम लगी थी मामले की जांच में**







**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जिला रायगढ़ थाना लैलूंगा अन्तर्गत ग्राम कुपाकानी में बुर्जुग दम्पत्ति की हत्या के मामले में एसडीओपी धरमयगढ़ के नेतृत्व वाली टीम द्वारा 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। 03 आरोपी फरार है, जिनकी गिरफ्तारी के लिये पुलिस की अलग-अलग टीमों की छोपेमारी जारी है।

मामले के अनुसार दिनांक 22.10.19 को ग्राम कुपाकानी निवासी कांशी राम यादव पिता मुनकु राम यादव द्वारा अपने माता-पिता की किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या किये जाने की रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि इसके पिता मुनकु राम यादव व माता रूक्मणी बाई ग्राम कुपाकनी बस्ती के बाहर खेत में घर बना कर रह रहे है। दिनांक 22.10.19 को सुबह जब गांव का पुस्तम यादव मुनकु राम के घर जाकर देखा तो दोनों की किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा धारधार हथियार से हत्या कर दिया गया था, जिस पर थाना लैलूंगा में अपराध क्रमांक 233/19 धारा 302 आईपीसी का अपराध अज्ञात आरोपी के विरुद्ध दर्ज किया गया। घटना की खबर पाकर मृतक के पुत्र, गांव के लोगों ने जाकर देखा। लैलूंगा थाने में सूचना प्राप्त होने पर मुख्यालय से एएसपी अभिषेक वर्मा, एसडीओपी धरमजयगढ़ सुशील कुमार नायक, प्रभारी एफएसएल रायगढ़ तथा लैलूंगा स्टाफ मौके पर पहुंचे। मृत दम्पत्ति के वारिशानों एवं जान परिचितों से पूछताछ किया गया, पूछताछ में किसी से भी कोई विशेष जानकारी प्राप्त नहीं हुई जिससे आरोपियों तक पहुंचा जा सके। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा मामले को गंभीरता से लेकर एएसपी के सुपरविजन में एसडीओपी धरमजयगढ़ के नेतृत्व में अलग से थाना धरमजयगढ़, घरघोड़ा, तमनार, कापू प्रभारियों की चार टीमें बनायी गई।


इन टीमों द्वारा घटना के संबंध में मृतकों के साथ जमीन विवाद, पुराने झगड़ा, लूट आदि पर जानकारी जुटाया जा रहा था कि इसी दौरान पुलिस की टीम को यह जानकारी मिला कि गिरधारी यादव का मृतक मुनकु राम एवं उसकी पत्नी से पुरानी रंजिश था। संदेही गिरधारी यादव ग्राम खडामचा का रहने वाला है। दिनांक 21/10/19 को शाम के समय यह अपने मित्र पुनम यादव, त्रिनाथ यादव व अन्य तीन के साथ मिलकर लैलूंगा भठ्ठी से शराब लेकर पीये रहे थे इसी दौरान गिरधारी यादव ने उक्त 05 दोस्तों को बताया कि मुनकु राम यादव एवं उसकी पत्नी के साथ इसकी पुरानी रंजिश है, वहीं गिरधारी यादव अपने 05 दोस्तों के साथ मिलकर मुनकु राम यादव से बदला लेने की साजिश रची और उसी शाम करीबन 06.00 बजे सभी अलग-अलग तीन मोटर सायकल से कुपाकानी गये। कुछ दूर मोटर सायकल खड़ी कर पैदल मुनकु राम के घर गये एवं वहॉ सभी ने मिलकर मुनकु राम एवं उसकी पत्नी रूक्मणी बाई को चाकू से गर्दन में मारकर हत्या कर दिये और मुनकु राम के घर में सोना-चांदी एवं पैसा खोजने के लिये घर के सामान को तितर-बितर कर दिये, जहां तकिया के नीचे मिले 5000 रूपये को ये आपस में बांट लिये। फिर कुपाकानी से हत्या एवं लूट करने के बाद सभी मोटर सायकल से बुलडेगा फिटिंगपारा जा रहे थे , रास्ते में बंजारी रोड बुलडेगा तालाब के पास पहूंचे तो ग्राम बुलडेगा के सुशील ठाकुर मिला जिसे सभी मिलकर हाथ-मुक्का चाकू से मारपीट कर 6700 रूपये एवं एक मोबाईल लूट लिये थे। मिले पैसा को आपस में बांटें थे, लूटी मोबाईल को उनका एक साथी रख लिया। संदेही गिरधारी यादव और उसके साथी त्रिनाथ व पुनम उर्फ पुनीराम यादव ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है, इन्होने अपने साथियों का नाम बताया हैं जो फरार है, पुलिस की टीमें उनकी गिरफ्तारी में लगी हुई है। गिरफ्तार आरोपी - (1) गिरधारी यादव पिता खोगो यादव उम्र 38 वर्ष (2) त्रिनाथ यादव पिता जेठूराम उम्र 20 वर्ष दोनों ग्राम खडामचा थाना बागबहार जिला जशपुर (3) पुनम उर्फ पुनीराम यादव पिता भूगल यादव उम्र 23 वर्ष ग्राम फिटिंगपारा चौकी कोतबा थाना बागबहार जिला जशपुर को आज दिनांक 26/10/19 को गिरफ्तार किया गया है, जिनसे घटना के समय प्रयोग में लाये गये मोटर सायकल व चाकू एवं आरोपियों के खून आलूदा कपडों को जप्त किया गया है।

## महावीर निर्वाण दिवस आज : मांस-मटन विक्रय प्रतिबंधित रहेगा

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ शासन के पर्यावरण एवं नगरीय विकास विभाग के आदेश के परिपालन में नगर पालिक निगम रायपुर के स्वास्थ्य विभाग ने राजधानी रायपुर निगम क्षेत्र के समस्त 70 वार्डो में स्थित सभी पशुवध गृहों, समस्त मांस-मटन विक्रय केन्द्रों को षत प्रतिषत रूप से दिनांक 27 अक्टूबर 2019 रविवार को महावीर निर्वाण दिवस के अवसर पर बंद रखने एवं मांस-मटन विक्रय पूरी तरह प्रतिबंधित करने का आदेश दिया है। उक्त आदेश का उल्लंधन करने पर नगर निगम प्रशासन के स्वास्थ्य विभाग द्वारा तत्काल मांस- मटन जप्त करके संबंधित दुकानदार व व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्यवाही की जायेगी। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी ए.के. हलदार ने निगम के समस्त जोन स्वास्थ्य अधिकारियों एवं जोन स्वच्छता निरीक्षकों को दिनांक 27 अक्टूबर 2019 रविवार को महावीर निर्वाण दिवस के अवसर पर अपने-अपने क्षेत्रों में दिनभर सतत पर्यवेक्षण कर प्रतिबंध आदेश का पूर्ण व्यवहारिक परिपालन कड़ाई के साथ सुनिश्चित करवाने के आदेश दिये हैं। वहीं नगर निगम आयुक्त षिव अनंत तायल ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि दिनांक 27 अक्टूबर 2019 रविवार को महावीर निर्वाण दिवस के अवसर पर रायपुर निगम क्षेत्र में कही भी प्रतिबंध के बावजूद मांस-मटन की कोई भी दुकान खुली मिली तो उक्त क्षेत्र से संबंधित जोन कमिष्नर एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी पर कडी अनुशासनात्मक कार्यवाही राज्य शासन के निर्देशों का पूर्ण व्यवहारिक परिपालन ना पाये जाने की स्थिति में की जायेगी।

## अवैध रूप से फटाका बेचने के 09 प्रकरण में 50 हजार रूपये के फटाका जप्त

**» धनतेरस की रात विभिन्न थानों में 71 व्यक्तियों को जुआ रेड में पकड़ा गया**



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना कोसीर (4), पुसौर (4), तमनार (3), सरिया(2), सारंगढ़ (2), चक्रधरनगर(1) और घरघोड़ा (1) पुलिस की टीमें जुआ फड पर रेड कार्यवाही किया गया। इस दौरान इन थानों में बनाये गये 17 प्रकरणों में 71 व्यक्तियों के विरूद्ध 13 जुआ एक्ट की कार्यवाही की गई है, आरोपियों के फड एवं पास से 25,315 रूपये की जप्ती की गई है।

इसी प्रकार दुकानों तथा घर में अवैध रूप से फटाका बिक्री करते पाये जाने वाले 09 व्यक्तियों पर विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। प्रकरण का संक्षित विवरण इस प्रकार है -

थाना पूंजीपथरा स्टाफ द्वारा अवैध रूप से फटाके बेचते पकड़े गये आरोपीयान (1) ब्रम्हानंद प्रधान पिता पिताम्बर प्रधान उम्र 60 वर्ष निवासी तुमीडीह से 14,475 रुपये का फटाका एवं बिक्री रकम 400 रुपये जप्त। (2) शंभु अगरिया पिता लाल कुमार अगरिया उम्र 19 वर्ष सा0 लोहार पारा गेरवानी से 6382 रुपये का फटाका काटून में भरा हुआ। (3) राजेश अग्रवाल पिता स्व. महावीर प्रसाद अग्रवाल उम्र 46 वर्ष सा0 मेन रोड गेरवानी अपने किराना दुकान (मां शारदा जनरल स्टोर) से 14028 रुपये का फटाका जप्त।

पुसौर पुलिस द्वारा (4) आरोपी जीधन लाल साहू पिता नत्थु राम साहू उम्र 52 वर्ष साकिन औरदा के कब्जे से विभिन्न प्रकार की फटाका कीमती करीब 950 रूपये जप्त। (5) आरोपी सीताराम साव पिता स्व0 ठाकुर राम साव उम्र 44 वर्ष सा0 औरदा थाना पुसौर से 1090 रूपये का फटाका जप्त।

थाना घरघोड़ा स्टाफ द्वारा (6) आरोपी संतोष अग्रवाल पिता स्व. राधेश्याम अग्रवाल सा. नवापारा टेण्डा के कब्जे से पटाखा जुमला कीमती 24087 रू. जप्त। (7) आरोपी हीरालाल पिता बुन्द राम कुर्रे उम्र 48 वर्ष सा. छोटे गुमडा थाना घरघोडा के घर पर दुकान लगा कर बिक्री करते हुये पाये जाने से 1614 रूपये का फटाका जप्त। (8) ग्राम छोटे गुमड़ा में ही आरोपी अकबर पिता रामनाथ कुर्रे उम्र 46 वर्ष सा. छोटे गुमडा थाना घरघोडा के पास से 2368 रूपये का फटाका जप्त किया गया है।

तमनार पुलिस द्वारा (9) आरोपी गणेश राम सिदार पिता बालेश्वर सिदार उम्र 48 वर्ष साकिन ग्राम चितवाही से 5335 रूपये का फटाका जप्त किया गया है।

## बस्तर जीत इस बात का प्रमाण कि हमने लोगों का विश्वास जीता : भूपेश बघेल

**» मुख्यमंत्री, पीसीसी प्रमुख ने प्रदेशवासियों को दी दीवाली की बधाई**



**रायपुर (आरएनएस)।** बस्तर की जीत से यह तय हो गया कि हमने लोगों का विश्वास जीता है। राज्य की जनता ने भाजपा को नकारा है और कांग्रेस की रीति-नीति पर विश्वास जताया है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने प्रदेशवासियों को दीपावली पर्व की बधाई देते हुए कहा कि हमने गांव, गरीब, किसान और आदिवासियों की चिंता की है। किसानों को धान का बोनस दिया। यही वजह है कि इस वर्ष मंदी के बाद भी छत्तीसगढ़ में जमकर खरीदी हुई है।

कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दिन-रात मेहनत किया और सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाया। पूर्ववर्ती सरकार के मुखिया हमेशा बदला-बदला की बात करते थे, लेकिन लोगों ने उन्हें बता दिया कि यहां अब बदला जैसी कोई बात नहीं है। जनता ने स्पष्ट रूप से कांग्रेस पर विश्वास करते हुए हमारा साथ दिया और भाजपा को सीधे तौर पर नकार दिया है। आज लोगों को योजनाओ का सीधा लाभ मिल रहा है। बस्तर में पहली बार किसी पार्टी को 12 की 12 सीटे मिली है। इसलिए बस्तर की जनता को सबसे ज्यादा बधाई। लोगों के विश्वास जीतने की शुरुआत हमने लोहण्डीगुड़ा से की जब राहुल जी आये थे, जो आज तक जारी है। डीएमएफ के पैसे को लेकर भी हमने काम किया ताकि लोगों को लाभ मील। हमने इसमे व्यक्ति को इकाई बनाए जिससे उस पैसा का उपयोग उनके विकास के लिए किया। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय पूल ने चांवल लेने से इंकार कर दिया है। हमने प्रधानमंत्री से आग्रह किया है तथा पत्र लिखा है कि विगत दो वर्षों से जब नियम को शिथिल कर बोनस देने के बाद भी छत्तीसगढ़ का चावल लिया जा रहा था तो इस वर्ष भी चावल लिया जाए।

## हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चालकों को कलेक्टर कर रहे सम्मानित



**कोरिया (आरएनएस)।** कलेक्टर डोमन सिंह द्वारा हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चालकों को लगातार सम्मानित किया जा रहा है। इसी कडी में कल 25 अक्टूबर को बैकुण्ठपुर-मनेन्द्रगढ़ के मुख्य मार्ग पर ग्राम बेलबहरा में उन्होंने परवेज आलम की गाडी रूकवाकर उन्हें यातायात नियमों का पालन करने के लिए पेन देकर सम्मानित किया। सूरजपुर जिले के विश्रामपुर क्षेत्र के निवासी परवेज आलम ने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से हेलमेट सबको अनिवार्य रूप से पहनना चाहिए।

कलेक्टर ने नागरिकों को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चारपहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट अनिवार्य रूप से पहनने की समझाईश दी। उन्होंने कहा कि सडक पर चलते हुए यातायात नियमों का पालन करना अनिवार्य है। सडक पर सुरक्षित यात्रा कराना ही पुलिस एवं जिला प्रशासन की मंशा है। कलेक्टर ने कहा कि हेलमेट पहनने वाले को सम्मान देने से न पहनने वाले को प्रेरणा मिलेगी। सम्मान का यह सिलसिला जारी रहेगा। इस हेतु विगत दिवस जिला सडक सुरक्षा समिति की बैठक में आवश्यक निर्देश भी दिये गये हैं। इस दौरान जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## कौशल विकास के तहत तीन माह के प्रशिक्षण ने बदली 11 युवक-युवतियों की जिंदगी

**» कम्प्यूटर टैली का प्रशिक्षण लेकर प्रतिमाह 12 हजार तक अर्जित कर रहे आमदनी**

**धमतरी (आरएनएस)।** युवावर्ग के हाथों को कुशल और प्रतिभाशाली बनाने शासन द्वारा कौशल विकास प्राधिकरण के तहत विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिसके अंतर्गत रोजगार एवं स्वरोजगारमूलक तकनीकी एवं गैरतकनीकी पाठ्यक्रमों का प्रशिक्षण दिया जाता है। कौशल विकास कार्यक्रम के तहत कम्प्यूटर टैली एवं एकाउण्टिंग का मात्र तीन माह का प्रशिक्षण प्राप्त कर 11 बेरोजगार युवक-युवती आज अपने पैरों पर खड़े होकर अपनी तथा अपने परिवार की आय में योगदान दे रहे हैं। धमतरी शहर एवं आसपास के गांव में रहने वाले विनय निर्मलकर, सैयद अनस हाशमी, कु. कुमेश्वरी निर्मलकर, गुणवंत साहू, खिलेन्द्र देवांगन, नेहा तिवारी, निशा तिवारी, मो. मुजीबुर्रहमान, ज्योति कोसरिया, राहुल देवांगन और धनंजय बघेल ने वर्ष 2016-17 एवं 2017-18 में स्थानीय व्हीटीपी सेंटर में कम्प्यूटर टैली एवं एकाउण्टिंग का 90 दिन का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस दौरान उन्हें टैली की बारीकियों को सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक दोनों तरह का प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनरों के द्वारा दिया गया।

## विधानसभा का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से

**रायपुर (आरएनएस)।** विधानसभा का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से शुरू होगा। विधानसभा सचिवालय ने अधिसूचना जारी कर दी है। विधानसभा के शीतकालीन सत्र में कुल 10 बैठकें होगी। 12 दिन तक चलने वाले सत्र के दौरान 10 बैठकें होगी। 25 नवंबर से शुरू होकर 6 दिसंबर तक ये सत्र आयोजित की जायेगी। सत्र के दौरान कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी जायेगी। सदन में कई अहम मुद्दों पर चर्चा की जायेगी। सत्र के दौरान वित्तीय कार्य के साथ शासकीय कार्यों को मंजूर किया जायेगा।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO Ñ- CHHHIN/2018/76480